जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2020/246 **दिनांक : 29.02.2020**

<u>अत्यावश्यक</u>

प्रति,

वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/केन्द्राध्यक्ष,

समस्त अशासकीय महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र,

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय :- स्नातक वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल, 2020 एवं अन्य जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षाओं के प्रश्नपत्र निकटस्थ थाने में रखे जाने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। आपको यह निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त होने वाले समस्त प्रश्नपत्रों को आप अपने निकटस्थ थाने में पुलिस अभिरक्षा में व्यवस्थित रूप से रखें तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व पुलिस थाने से प्रश्नपत्रों को प्राप्त कर परीक्षा का व्यवस्थित रूप से संचालन करें। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि पुलिस थाने से प्रश्नपत्रों के लिफाफे प्राप्त करते समय इन लिफाफों पर थाने से प्राप्त करने का दिनांक एवं समय अनिवार्य रूप से अंकित करें। यदि इस संबंध में किसी प्रकार की त्रुटि या शिकायत प्राप्त होती है तो आपका परीक्षा केन्द्र तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त किया जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपके महाविद्यालय के प्राचार्य एवं वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष की होगी।

परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग की अपेक्षा के साथ।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. श्रीमान पुलिस अधीक्षक, जिला - ग्वालियर, दतिया, भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर एवं श्योपुर की ओर परीक्षा केन्द्र सूची भेजकर निवेदन है कि वे अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करें।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, मोती महल, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
4. कुलसचिव महोदय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

उप- कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)

विपिन पत्र